नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

वार्षिक रिपोर्ट
2015–2016

जवाहर लाल नेहरु मार्ग
नई दिल्ली – 110002

विषय सूची

वार्षिक रिपोर्ट

2015–2016

		पृ॰सं॰
	अध्यक्षीय संदेश	2
	निदेशक की कलम से	3
1	संस्थान के सबंध में	6
2	प्रबंधन समिति	7
3	वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य	8
4	नैतिक समिति के सदस्य	9
5	वरिष्ठ कर्मचारीगण	11
6	अनुसंधान एवं प्रकाशन	12
7	वैज्ञानिक कार्यक्रमों मे भागीदारी	25
8	बैठकें	34
9	क्लीनिकल अनुभाग	36
10	जनपादिक अनुभाग	37
11	जनस्वास्थ्य अनुभाग	38
12	माइक्रोबैक्टीरियल प्रयोगशाला	43
13	प्रशिक्षण एवं पर्यवेक्षण अनुभाग	48
14	निरीक्षणात्मक कार्य	70
15	पुस्तकालय एवं सूचना सेवाएं	73
16	प्राशासनिक अनुभाग	73
17	नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र की गतिविधियों का सार	76
	लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	

अध्यक्ष का भाषण

मेरे लिए नई दिल्ली क्षय रोग केन्द्र (एनडीटीबी) के साथ जुड़ा होना अत्यंत हर्ष और गौरव की बात है, वो भी ऐसे समय जब यह संस्थान अपनी प्लेटिनम जुबली मना रहा है। इस घातक रोग अर्थात क्षयरोग (tuberculosis) को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार के संशोधित राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण कार्यक्रम को पूरा करने के प्रयासों में इस संस्थान की प्रगति, प्रयत्न और समर्पण तथा फेफड़ो से संबंधित रोगों को नियंत्रित करने के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं अत्यंत सराहनीय है। एनडीटीबी केन्द्र, क्षयरोग के रोगियों की सेवा करने वाले देश के सबसे पुराने संगठनों में से है। इसकी स्थापना 1940 में हुई थी और इसने समाज की सेवा के शानदार 75 वर्ष पूरे किए हैं। नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र क्षयरोग (टीबी) और सांस संबंधी रोगों के लिए एक रेफरल केन्द्र है और राज्य टीबी प्रशिक्षण एवं निरूपण (demonstration) केन्द्र (एसटीडीसी) के रूप में भी कार्य कर रहा हैं। इसके साथ यह संशोधित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की गतिविधियां और दिल्ली राज्य के माइक्रोस्कोपी केन्द्रों को मॉनीटर करने हेतु राज्य के लिए इंटरमीडिएट रेफरेंस लेबॉरटरी भी है। केन्द्र में सेन्ट्रल टीबी डिवीजन, दिल्ली सरकार और फाइंड इत्यादि के सहयोग से कई परियोजनाएं चल रही हैं। आरएनटीसीपी के अंतर्गत मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ का प्रशिक्षण और पुनर्प्रशिक्षण केन्द्र की नियमित विशेषता है। यह केन्द्र विभिन्न आईईसी क्रियाकलापों द्वारा क्षयरोग, इसकी रोकथाम, आरएनसीटीपी के अंतर्गत सेवाओं की उपलब्धता, उपचार में नियमतिता के महत्त्व और उपचार पूरा करना इत्यादि के बारे में समाज में जानकारी का प्रचार–प्रसार कर रहा है।

मैं, क्षयरोग को दूर करने के लिए 75 वर्षो की शानदार सेवा पूरा होने के अवसर पर बधाई देता हूं। मैं स्टाफ के उन सभी सदस्यों को भी हार्दिक शुभकमानाएं देता हूं जो केन्द्र का राष्ट्रीय संस्थान के रूप में निर्माण करने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयास कर रहे हैं। मैं केन्द्र को सहयोग देने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, सेन्ट्रल टीबी डिवीजन और दिल्ली सरकार का भी धन्यवाद करता हूं।

डा एल एस चौहान
अध्यक्ष

निदेशक की कलम से

यह वर्ष नई दिल्ली क्षय रोग केन्द्र (एनडीटीबीसी) का प्लेटिनम जुबली वर्ष है। इसकी स्थापना 1940 में एक टीबी क्लीनिक के रूप में हुई थी जो कि आज पूरी तरह से एक टीबी संस्थान बन चुका है जहां टीबी रोग से संबंधित सभी पक्षों अर्थात एपीडिमॉलॉजी, निदान, इलाज, अध्यान, अनसुंधान और टीबी नियंत्रण का कार्य होता है।

केन्द्र की प्रयोगशाला में रोग के निदान के लिए निदान की ऐसी सभी तकनीकें हैं जिनके द्वारा रोग का शीघ्र पता लगाया जा सकता है। यह प्रयोगशाला दिल्ली राज्य के 25 चैस्ट क्लीनिकों में से 17 क्लीनिकों को डीएसटी सुविधाएं दे रही है। इस वर्ष एमडीआर (बहु औषधीय प्रतिरोधिता) क्षयरोग की आशंका वाले 16000 से अधिक लोगों का परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त, हम एलपीए पर सेकंड लाइन डीसीटी जैसे उपचार के कुछ नए तौर–तरीकों की प्रमाणिकता का भी अध्ययन कर रहे हैं। हमारी प्रयोगशाला दिल्ली राज्य की माइक्रोस्कोपी गतिविधियों की बाहरी गुणवत्ता का आकलन (ईक्यूए) करने का कार्य भी करती है। इस वर्ष ईक्यूसी के अंग के रूप में आरबीआरसी करने की नई प्रणाली को दिल्ली राज्य में आज़माया गया। इसके परिणाम उत्साहनजक रहे और इसे दो अंतर्राष्ट्रीय पब्लिकेशन में भी दिया गया है।

इलाज की बात की जाए तो केन्द्र की ओपीडी क्षयरोग और श्वास से संबंधित रोगों के लिए दिल्ली और उसके निकटवर्ती राज्यों के भागों से रेफर किए गए मामलों का इलाज कर रही है।वर्ष के दौरान संस्थान में बाह्य रोगियों (ओपीडी) की संख्या लगभग 18,400 रही।

एनडीटीबीसी ने विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों की एपीडिमॉलॉजी के लिए नियमित जांच की। इस वर्ष 140 लोगों की क्षयरोग जांच की गई। इसके अलावा, केन्द्र का संकाय (फैकल्टी) क्षयरोग प्रतिरिधिता और उसकी प्रतिरोधिता स्वरूप के कार्यक्षेत्र में अनुसंधान और निगरानी के अध्ययन से जुड़ा है।

केन्द्र, अध्यापन और प्रशिक्षण हेतु दिल्ली राज्य के लिए राज्य क्षयरोग प्रशिक्षण और प्रदर्शन केन्द्र के रूप में काम कर रहा है जिसके लिए केन्द्र आएनसीटीपी दिल्ली में काम करने वाले मेडिकल और पैरा मेडिकल कार्मिकों को आरंभिक तथा पुनश्चर्या (refresher) प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इस वर्ष 2337 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें चिकित्सा स्टाफ और एनजीओ कार्यकर्त्ताओं को जागरूक किया गया।

यदि टीबी नियंत्रण कार्यक्रमों की बात करें तो केन्द्र दिल्ली राज्य आरएनटीसीपी को सहायता प्रदान कर रहा है और इसका संकाय कार्यक्रम तथा दिशा–निर्देश तैयार करने वाली विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की समितियों का हिस्सा है।

केन्द्र की गतिविधियों का विस्तृत विवरण इस रिपोर्ट में है। प्रत्येक सफल कार्य के पीछे कई लोगों का सामूहिक प्रयास होता है। मैं वित्तीय सहयोग के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और सेन्ट्रल टीबी डिवीजन का आभारी हूं। मैं आरनीसीटीपी के क्रियाकलापों में महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिए राज्य टीबी नियंत्रण अधिकारी और दिल्ली राज्य का भी आभारी हूं। और अंत में मैं डा एल एस चौहान, अध्यक्ष तथा नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र की प्रबंधन समिति का उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद करता हूं। मुझे विश्वास है कि प्रशासनिक सहयोग तथा सरकार की सहायता से केन्द्र प्रगति करता रहेगा और क्षयरोग के क्षेत्र में समाज को अपनी सार्थक सेवाएं देता रहेगा।

डा के के चोपडा
निदेशक

1. संस्थान के संबध में

1940 में अपनी स्थापना के बाद नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र को डब्लूएचओ, यूनीसेफ और भारत सरकार की सहायता से 1951 में प्रथम क्षयरोग निरूपण एवं प्रशिक्षण केन्द्र के तौर पर अपग्रेड किया गया। 1966 में यह केन्द्र देश के सभी हिस्सों से क्षयरोग (टीबी) के रोगियों के लिए रेफरल केन्द्र बन गया जहां रोगी निदान और उपचार का लाभ उठा सकते हैं। यह एक शीर्ष संस्थान है जिसने क्षयरोग और श्वसन रोगों के क्षेत्र में निदान, उपचार, प्रशिक्षण, अध्यापन और अनुसंधान मे अपनी अच्छी पहचान बनाई। इस केन्द्र को वर्ष 2005 में दिल्ली राज्य के लिए क्षयरोग प्रशिक्षण और निरूपण केन्द्र के रूप में अभिनामित किया गया। तब से यह केन्द्र आरएनसीटीपी के अंतर्गत 25 चैस्ट क्लीनिकों के मेडिकल और पैरा मेडिकल कार्मिकों को प्रशिक्षण तथा पुर्न प्रशिक्षण की सुविधाएं प्रदान कर रहा है।

केन्द्र 'न्यू स्टॉप' रोकथाम की नीति के सभी घटकों से सकारात्मक परिणाम पाने के लिए केन्द्र राज्य के क्षयरोग सैल के साथ मिल कर सक्रिय रूप से कार्य करता है। एक आईआरएल के तौर पर यह केन्द्र राज्य की प्रयोगशाला में गुणवत्ता को सुनिश्चित करता है जिसके द्वारा वह वैश्विक मानकों को बनाए रखने में आरएनसीटीपी की मदद करता है। बच्चों में क्षयरोग और कार्यात्मक अनुसंधान के प्रबंधन के कार्यक्रम में निजी क्षेत्र और मेडिकल कॉलजों की भागीदारी से संबंधित नीति को बनाने में संस्थान सशक्त मार्गदर्शक रहा है।

दिल्ली राज्य के लिए माध्यम रेफरेंस प्रयोगशाला के तौर पर कार्य करने के अतिरिक्त केन्द्र की प्रयोगशाला नैदानिक स्तर के तहत की जाने वाले नई पहलों में भी सक्रिय रूप से भागीदारी कर रही है। सेकंड लाइन की औषधियों के लिए बेस लाइन औषधीय ग्राहता परीक्षण सामान्य रूप से प्रयोग किया जाता है जिसमें एमजीआईटी 960 लिक्विड कल्चर प्रणाली का प्रयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त, देश बेडाएक्वीलाइन कंडीशनल सिस्टम असेस कार्यक्रम आरंभ करने की ओर बढ रहा है। इसे शुरू करने के लिए देश भर में छः डीआर टीबी केन्द्रों का चयन किया गया है। हमारी प्रयोगशाला आरबीआईपीएमटी नाम के डीआर टीबी केन्द्र से जुड़ी है। नए दिशा–निर्देशों के अनुसार हम सभी नए पाए गए एमडीआर मामलों के लिए कई प्रकार की औषधियों का डीएसटी करेंगे। अब हम फाइंड इंडिया के सहयोग से केन्द्रीय क्षयरोग डिवीजन द्वारा किए गए आकलन अध्ययन के रूप में सेकंड लाईन औषधियों के लिए लाइन प्रोब एस्से भी कर रहे हैं।

एक राज्य के टीबी प्रशिक्षण एवं निदर्शन केन्द्र के तौर पर केन्द्र का संकाय दिल्ली के 25 चैस्ट क्लीनिकों की आरएनसीटीपी की मॉनीटरी करता है और तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा करता है तथा उसके अनुसार उन्हें फीडबैक देता है।

2 प्रबंधन समिति

डा. एल एस चौहान — अध्यक्ष
उपाध्यक्ष
भारतीय क्षयरोग संघ

डा. वी. के. अरोड़ा — सदस्य
वित्तीय सलाहाकार
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र/
उपाध्यक्ष (अनुसंधान व प्रकाशन)
भारतीय क्षयरोग संघ

डा. ए. के. पांडा — सदस्य
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहाकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

श्री अंशु प्रकाश — सदस्य
संयुक्त सचिव (स्वास्थ्य)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

डा. सुनील कापडे — सदस्य
उप महानिदेशक (क्षयरोग)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

डा. रोहित सरीन — सदस्य
निदेशक
क्षय एवं श्वसन का राष्ट्रीय संस्थान

डा. एस के शर्मा — सदस्य
निदेशक स्वास्थ्य सेवायें (दिल्ली)
स्वास्थ्य सेवा निदेशालय – दिल्ली प्रशासन

निदेशक — सदस्य
बल्लभ भाई पटेल चेस्ट संस्थान

डा. अल्का सक्सेना सदस्य
निदेशक सेवाएं
नई दिल्ली नगरपालिका परिषद

श्री टी एस आलूवालिया सदस्य
महासचिव
भारतीय क्षयरोग संघ

डा एस एम गोविल सदस्य
अवैतनिक महासचिव
दिल्ली क्षयरोग संघ

डा अरुण गुप्ता सदस्य
निदेशक
रेलवे मंत्रालय

डा. के. के. चोपड़ा सदस्य–सचिव
निदेशक
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

3. वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य

डा. एल एस चौहान अध्यक्ष
अध्यक्ष
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

डा. अश्वनी खन्ना सदस्य
राज्य क्षयरोग अधिकारी
दिल्ली राज्य

निदेशक सदस्य
बल्लभ भाई पटेल चेस्ट संस्थान

डा. वरिन्द्रर सिंह सदस्य
प्राध्यापक बाल चिकित्सा
कलावती अस्पताल
लेडी हार्डिंग मेंडिकल कालेज

श्री. जी. पी. माथुर सदस्य
पूर्व–सांख्यिकीविद्
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

डा. एम. हनीफ के. एम. सदस्य
जीवाणु वैज्ञानिक
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

डा. निशि अग्रवाल सदस्य
सांख्यिकीविद्
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

डा. . के. के. चोपड़ा सदस्य–सचिव
निदेशक
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

4. नैतिक समिति के सदस्य

निदेशक सदस्य
बल्लभ भाई पटेल चेस्ट संस्थान

डा. संजय राजपाल सदस्य
छाती विशेषज्ञ
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

डा. एम. हनीफ के. एम. सदस्य
जीवाणु वैज्ञानिक
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

डा. चिनकोलाल तानगसिंह सदस्य
एन जी ओ – एच आई वी विशेषज्ञ

श्री टी एस आलूवालिया सदस्य
महासचिव
भारतीय क्षयरोग संघ

प्रो माला सिन्हा सदस्य
संकाय चिकित्सा विज्ञान
दिल्ली विश्वविघालय

श्री. सवेताकेतु मिश्रा सदस्य
वकील

डा. एम एम सिंह सदस्य
प्राध्यापक
मौलाना आजाद आयुर्विज्ञान कालेज

श्री. जी. पी. माथुर सदस्य
पूर्व–सांख्यिकीविद्
नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र

श्री. मदन मोहन सदस्य
दिल्ली क्षयरोग संघ

श्री. संजीव गुप्ता सदस्य
समुदाय व्यक्ति

डा. (श्रीमति) निशि अग्रवाल — सदस्य
सांख्यिकीविद्

डा. शंकर माटा — सदस्य–सचिव
जानपादिकरोगविभागी

5. वरिष्ठ कर्मचारीगण

डा. के. के. चोपड़ा — निदेशक
ए.बी.बी.एस., एम.डी., डी.टी.सी.ई.

डा. संजय राजपाल — छाती विशेषज्ञ
एम.बी.बी.एस., डी.टी.सी.डी., एफ.एन.सी.सी.पी.

डा. महमूद हनीफ — जीवाणु वैज्ञानिक
पी.एच.डी.

डा. (श्रीमति) निशि अग्रवाल — सांख्यिकीविद्
पी.एच.डी.

डा. शंकर माटा — जानपादिकरोगविभागी
एम.बी.बी.एस., एम.डी.

डा. शिवानी पवार — चिकित्सा अधिकारी
एम.बी.बी.एस., डी.टी.सी.डी.

श्री. डी. सी. उपाध्याय — प्रशासनिक अधिकारी
वाणिज्य स्नातक

6 अनुसंधान और प्रकाशन

(क) प्रकाशित अनुसंधान पेपर

वर्ष 2015–16 में केन्द्र के संकाय (फैकल्टी) द्वारा निम्नलिखित अनुसंधान पेपर प्रकाशित किए अथवा प्रस्तुत किए गए :

अनुसंधान कार्य

1) ''ट्यूबरक्लोसिस कंट्रोल इन इंडिया : जरनी सो फॉर एण्ड अहेड। के के चोपड़ा, सुनील खपाड़े, इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस में संपादकीय 62, 193–194, 2015

2) ''स्टैड्डर्स ऑफ टीबी केयर इन इंडिया : ए टूल फॉर यूनीवर्सल असेस टू टीबी' श्रीनिवास अच्युतन नैय्यर, के एच. सचदेवा परमार मलिक, एस चन्द्रा, आर रामचंद्रन, एन. कुलश्रेष्ठ, के के चोपडा। इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस में समीक्षा लेख, 62, 2015

3) ''ड्रग रिस्सटेन्स अमंग टीबी केसिस एण्ड इट्स क्लीनिकल इम्पलीकेशन्स' के के चोपड़ा इंडियान जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस 62, 151–155, जुलाई 2015

4) ''एक्सलीरेटिंग टीबी नोटिफिकेशन फरॉम प्राइवेट हेल्थ सैक्टर इन दिल्ली इंडिया' देबाशीष कुण्डू, के के चोपड़ा अश्विनी खन्ना, इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस के लिए स्वीकृत पेपर।

5) यूनीवर्सल एक्सेस टू डॉटस इन दिल्ली परीसन्स : वेयर वी स्टैन्ड'। मीरा धुरिया, के के चोपड़ा नंदिनी शर्मा, अश्विनी खन्ना एस चन्द्रा। इंडियन जनरल ऑफ ट्यूबरक्लोसिस के लिए स्वीकृत पेपर।

6) 'पायलटिंग अपफ्रंट एक्सपर्ट एमटीबी/आरआईएफ टेस्टिंग ऑन वरियस स्पेसीमेन अंडर प्रोगरेमेटिक कंडीशन्स फॉर डायग्नोसिस ऑफ टीबी एण्ड डीआर–टीबी इन पेडयेट्रिक पॉपयूलेशन'' के के चोपड़ा, et al PLOS ONE/D 01 : 1371/पीएलओएस अक्तूबर 15, 2015

7) 'ग्लोरियस जरनी ऑफ 75 इयर्स ऑफ न्यू दिल्ली टीबी सेन्टर' के के चोपड़ा का लेख, 66वीं टीबी सील कैम्पेन सोविनयर, 2015 ट्यूबरक्लोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया में प्रकाशित।

8) 'इम्पलीमेन्टेशन ऑफ आरएनटीसीपी सर्विसिज़ इन मेडिकल कॉलेजिस' ए माटा, के के चोपड़ा का लेख टीबी सील कैम्पेन सोविनयर,, 2015 ट्यूबरक्लोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया में प्रकाशित।

(ख) सम्मेलन में प्रस्तुत अनुसंधान पेपर

उत्तर प्रदेश क्षयरोग संघ द्वारा भारतीय क्षयरोग संघ के तत्वावधान में 19 फरवरी 2016 से 21 फरवरी 2016 तक किंग जॉर्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी, लखनऊ में क्षयरोग एवं छाती के रोगों पर 70वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा एम हनीफ बैक्टिरियोलॉजिस्ट के साथ डा संजीव सैनी, डा कौशल कुमार द्विवेदी, श्री हिमांशु वशिष्ट, सुश्री सृष्टि शर्मा, श्री जीशान सिद्दकी, श्री वसीम अहमद और श्री मनोज दुबे ने सम्मेलन में भाग लिया।

एनडीटीबीसी की ओर से छः मौखिक प्रस्तुतीकरण दिए गए और एक पोस्टर प्रस्तुत किया गया जिसमें हर एक पर अनुसंधान प्रणालियों, संबंधित जानकारी, परिणाम इत्यादि को संक्षेप में और प्रभावशाली तरीके से चित्रित किया गया।

प्रस्तुतीकरण के शीर्ष निम्नलिखित थे :–

1. एम. टयूबरक्लोसिस कॉम्पलैक्स के रिफेमपिसिन प्रतिरोधिता में पाए गए परिवर्तनों का प्रोब एसे द्वारा बैड पैटर्न विश्लेषण।

2. निम्न गुणवत्ता की बलगम के नमूनों में पाए गए एम टयूबरक्लोसिस के रोगियों में दवा प्रतिरोधक पैटर्न।

3. बहु औषधीय प्रतिरोधिता वाले क्षयरोग हेतु प्रो एसे की परंपरागत औषधि संवेदनशीलता से तुलना।

4. दिल्ली में डीआर–टीबी की आशंका वाले रोगियों में अक्षयरोग माइकोबैक्टिरियम और माइकोबैक्टिरियम क्षयरोग कॉम्पलैक्स स्ट्रेन के मामले तथा संबंधित जोखिम कारक

5. इंटरमीडिएट रेफरेंस प्रयोगशाला में स्मियर नेगटिव पाए गए नमूनों से एम. ट्यूबरक्लोसिस ज्ञात करना तथा औषध प्रतिरोधिता पैटर्न।

6. दिल्ली में रेफरेंस प्रयोगशाला में एम ट्यूबरक्लोसिस के पीड़ितों में बहु–औषधीय प्रतिरोधिता स्ट्रेन में ओफ्लोएक्सिन और केनामाइसिन से बेसलाइन प्रतिरोधकता।

7. विभिन्न आंशंकित पैमाने वाले रोगियों के राज्य स्तरीय रेफरेंस प्रयोगशाला में लिए गए एम ट्यूबरक्लोसिस नमूनों के स्ट्रेन में बहु–औषधीय प्रतिरोधिता होना।

8. म्यूटेशन का बैंड पैटर्न विश्लेषण रेखा जांच परख द्वारा एम क्षयरोग के रिफम्पसिन प्रतिरोधी उपभेदों के मनाया गया। एमस्टर्डम, नीदरलैंड में अप्रैल 2016 में यूरोपियन सोसायटी ऑफ क्लीनिकल माइक्रोबॉयलोजी एण्ड इनफेक्शन्स डिसीस सम्मेलन में पेपर प्रस्तुत किया गया।

9. वित्तीय संसाधनों के लिए संस्थागत ढांचा : 'संशोधित राष्ट्रीय क्षयरोग कार्यक्रम के अतंर्गत निधि प्रवाह को नियोजित करना।' स्पेन में 2014 में लंग हेल्थ बेनसीलिना पर संघीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया पेपर।

10. 'निजी क्षेत्र में ज्ञात किए गए बच्चों में क्षय रोग के मामलों की सूचना में आने वाली बाधाओं का पता लगाना तथा उन्हें दूर करने की पहल करना।' संघीय सम्मेलन 2016 में प्रस्तुत करने के लिए भेजा गया सार।

11. 'दिल्ली के शहरी क्षेत्रों में डॉटस केन्द्र में आने वाले बाल क्षयरोगियों में उपचार का पता लगाने में आने वाली बाधाएं एव चुनौतियां'। एनएटीसीओएन 2015 में प्रस्तुत पेपर।

(ग) जारी अनुसंधान परियोजना

1. प्लमनरी क्षयरोग की आशंका वाले वयस्कों में क्षयरोग तथा रिफामपीसिन प्रतिरोधिता ज्ञात करने के लिए एक्सपर्ट अल्ट्रा की नैदानिक विशुद्धता और साध्यता का बहुकेन्द्रीय अध्ययन' एनडीटीबी केन्द्र में चलाई गई प्रमुख अन्वेषक परियोजनाएं।

2. दिल्ली, भारत में निजी स्वास्थ्य क्षेत्र से क्षयरोग की सूचना देन शीघ्रता लाना

   7 मई 2012 को क्षयरोग को सूचित किया जाने वाला रोग घोषित किया गया था। इसे अधिसूचित करने से भारत में क्षयरोग की मानक देखभाल की दृष्टि से निजी क्षेत्र की बेहतर तरीकों से सहायता की जा सकती है जिसमें रोगियों को सही निदान, उपचार, फालो–अप, संपर्क ट्रेसिंग कमोप्रॉपलेक्सि देने में सहायता की जा सकती है तथा सामाजिक सहायता तंत्र को सुगम बनाया जा सकता है। संशोधित राष्ट्रीय क्षयरोग

नियंत्रण कार्यक्रम (आरएनसीटीपी) में वेब आधारित केस आधारित ऑनलाइन रिपोर्टिंग आधार की शुरूआत की गई है जिसके नाम 'निक्षय' हैं। इससे आईसीटी एप्लीकेशन के प्रंयोग से सार्वजनिक अथवा निजी क्षेत्र से क्षयरोग के मामलों को सूचित किया जा सकता है। ये एप्लीकेशन हैं – (क) 'निक्षय' (केस आधारित वेब ऑनलाइन एप्लीकेशन) से (ख) सुविधाजनक वेब–लॉगइन से अथवा (ग) 'निक्षय' क्षयरोग की सूचना देने के पोर्टल में क्षयरोग के मामलों की सीधे सूचना देने के लिए मोबाइल एप्प(http;//nikshay.gov.in/HFUSER/HFLogin.aspx) । नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र की वैज्ञनिक एवं नैतिक समिति के अनुमोदन के बाद निम्नलिखित उद्देश्यों से वर्ष के दौरान अध्ययन किया गया। इस अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता राज्य टीबी कार्यालय, दिल्ली ने दी।

- उन निजी क्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं (एचएफ) की मैपिंग करके निजी स्वास्थय सुविधाओं को बेहतर बनाना जो निक्षय में पंजीकरण से रह गई थी।
- क्षयरोग सूचित किए जाने वाला रोग है, इसके लिए निजी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं देने वालों को जागरूक बनाना।
- निजी क्षेत्र को निक्षय वेब लॉगइन देना जिससे कि वह बिना परेशानी के क्षयरोग की सूचना दे सके।

प्रस्तावित अध्ययन एक वर्ष की अवधि (अप्रैल 2016 से मार्च 2017) का संभावित अध्ययन होगा जो कि दिल्ली के उन 6 चैस्ट क्लीनिकों मे किया जाएगा जहां क्षयरोग के बहुत कम मामलों को अधिसूचित किया गया है और निक्षय में उम्मीद से कम निजी स्वास्थ्य सुविधाएं पंजीकृत की जाती हैं।

इस अध्ययन में मार्च 2016 तक अभिज्ञात किए गए चैस्ट क्लीनिकों में निक्षय में पंजीकृत निजी सेवा प्रदाता भाग लेंगे। इसमें आंकड़ो का विश्लेषण माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल और ईपीआई (Epi) डाटा साफ्टवेयर से किया जाएगा।

3. श्योर परियोजना के लिए एसएमएस

एनडीटीबी ने श्योर परियोजना के लिए एसएमएस आरंभ किए जिससे कि क्षयरोग के इलाजके अनुपालन में एसएमएस के प्रभाव का आकलन किया जा सके। यह परियोजना दिल्ली के सभी टीबी क्लीनिकों में आरंभ की गई। इस परियोजना का प्रबंधन राज्य क्षयरोग प्रकोष्ठ (State TB cell) की सहयोग से किया जा रहा है। इस परियोजना के लिए सेट किए गए सर्वर से पंजीकृत मामलों को आईडी प्रदान की जाती हैं। रोगियों को यादृच्छिक रूप से तीन समूहों में बांटा गया है। सभी मामलों के लिए पंजीकरण होने का एसएमएस भेजा जाता है। इसके अतिरिक्त, द्वितीय समूह को सप्ताह में एक बार प्रेरक संदेश भेजे जाते हैं, जबकि

तृतीय स्पूटम (लार) मामलों को खुराक छूट जाने पर एसएमएस मिलता है। पंजीकृत मामलों के इलाज के परिणामों की रिपोर्ट किए जाने के बाद ही सर्वाधिक प्रभावशाली रणनीति का मूल्यांकन किया जाएगा।

4 ''जेलों में क्षयरोग देखभाल''

इस परियोजना का प्रयोजन तिहाड जेल में क्षयरोग की आंशका वाले लोगों का पता लगाना, उनमें सीबीएनएएटी की पुष्टि करना और उनका इलाज करना तथा जेल से छूटने के बाद उनका सही रेफरल सुनिश्चित करना है। उनके जेल से छूटने के समय उनके उपयुक्त रेफरल का तंत्र जेल स्टाफ की मदद से स्थापित किया जाएगा। इस कार्य को किए जाने के तरीके को जेल प्रशासन के साथ मिल कर अंतिम रूप दे दिया गया है।

5. ''दिल्ली के नाइट शैल्टरों में क्षयरोग के मामलों का पता लगाने की कार्य परियोजना''

एनडीटीबी इस परियोजना को चलाने की योजना बना रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नाइट शैल्टरो के स्टाफ को डॉट प्रदाता के रूप में प्रशिक्षित किया जाए ताकि वे क्षयरोग की आंशका वाले लोगों की पहचान कर सके और उन्हें इलाज के लिए निकट के चैस्ट क्लीनिक में भेजें। कुछ नाइट शैल्टरों में डॉट केन्द्र खोलने का दीर्घकालिक लक्ष्य भी है।

6 बच्चों में क्षयरोग का पता लगाने के गुणवता पूर्ण तरीकों में तेजी लाना

बच्चों में क्षयरोग के मामलों के प्रबंधन में क्षयरोग का सही–सही निदान करना एक बाधा है। इसका निदान जटिल है क्योंकि बच्चे बलगम को खंगाल कर बाहर नहीं निकाल पाते हैं। बच्चों में क्षयरोग सामान्यंतः पाए जाने वाले अन्य रोगों के समान हो सकता है। सर्वोत्तम परिस्थितियों में भी बाल क्षयरोग के निदान के लिए स्मियर माइक्रोस्कोपी की संवेदनशीलता निम्न रहती है। हालांकि लोएनस्टिन–जेनसेन (Lowenstein-Jensen) पर परंपरागत कल्चर माध्यम को सबसे अनुकूल मानक माना जाता है और लिक्विड कल्चर से सक्रिय क्षयरोग और दवा की संवदेनशीलता के अधिक संवेदी निदान की संभावना बढ़ जाती है ; कल्चर जांच के परिणाम में प्रतिवर्तन समय (turnaround time) अधिक लगता है। इन सीमाओं के कारण बच्चों में क्षयरोग का सही–सही पता लगाना चुनौतीपूर्ण होता है और इसमें निम्न और उच्च निदान दोनों की संभावना रहती है।

क्षयरोग और रिफएमपिसिन प्रतिरोधी क्षयरोग के मामलों की पहचान करने में डब्लूएचओ स्वीकृत, एक्सपर्ट एमटीबी/आरआईएफ (सीफाइड, सनीवेल, सीए, यूएसए), एक कार्टिज आधारित पूर्णतः न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन जांच (सीबीएनएएटी) अति संवेदनशील और

विशेष माध्यम है जिसके परिणाम जल्दी सामने आते हैं। बच्चों में क्षयरोग का पता लगाने में आने वाली चुनौतियों को दूर करने के लिए यह एक आसान और आशाजनक समाधान है। दिल्ली में यह परियोजना अप्रैल 2014 से चल रही है। एक्सपर्ट एमटीबी/आरआईएफ में प्रयोग हेतु गैस्ट्रिक लेवेज, बीएएलज, प्रेरित लार जैसे बच्चों के नमूनों को प्रक्रमित करने के लिए निदान की इस तकनीक को विद्यमान आरएनसीटीपी प्रयोगशालाओं में आरंभ किया गया है। सरकारी और निजी क्षेत्र का कोई भी बाल–रोग चिकित्सक किसी भी आशंकित बाल क्षयरोगी को इन प्रयोगशाला में रेफर कर सकता है अथवा निःशुल्क जांच के लिए उसके नमूने को हस्तांतरित कर सकता हैं। ऐसे प्राप्त नमूने की जांच उसी दिन की जाती है और रेफर करने वालों को उसकी जानकारी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ई मेल और एसएमएस) से दी जाती है और उसके साथ निक्षय के अंतर्गत आरएनसीटीपी में मामले की सूचना दी जाती है।

इस परियोजना का ध्येय – (1) बाल क्षयरोग की शंका वाली रोग नैदानिक सेवाओं को बेहतर करके, और (2) बाल नमूनों को प्रक्रमित (processing) करके मौजूदा आरएनसीटीपी प्रयोगशालाओं की क्षमता को बढ़ा कर– सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संस्थानों से आनएनसीटीपी को सूचित किए जाने वाले बाल क्षयरोग की सूचनाओं की संख्या को बढ़ाना है।

परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति –

31 मार्च 2016 तक 14018 नमूनों की जांच की गई। इनमें से 13908 (%) नमूने सार्वजनिक क्षेत्र से और 110 (%) निजी क्षेत्र से थे। प्लमनरी और अतिरिक्त प्लमनरी दोनों प्रकार के नमूने लिए गए और जांच की गई। जांच किए गए विभिन्न नमूनों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

प्लमनरी मामले –

नमूनों का प्रकार	नमूनों की संख्या	सकरात्मकता
गैस्ट्रिक एसपीरेट	7964	973
गैस्ट्रिक लेवेज	54	3
प्रेरित थूक	200	38
थूक	2641	464
बाल	485	75
कुल योग	11344	1553

अतिरिक्त प्लमनरी मामले –

नमूनों का प्रकार	नमूनों की संख्या	सकरात्मकता
एबसेस	34	18
एससिटिक फ्लूड	100	3
बोन मैरो	1	0
स्रवाइकल एसपीरेट	7	3
सीएसएफ	1268	102
सिस्टिक फ्लूड	2	0
ईटी सीक्रेशन	36	4
एफएनएबी	73	22
घुटना महाप्राण	26	1
लीवर बायोप्सी	1	0
लिम्फ नोड	169	95
नेस्ल एसपीरेट	9	0
पेरीकारडाइल फ्लूड	41	4
प्लीरल बायोप्सी	6	2
प्लीरल फ्लूड	500	43
पस	357	102
त्वचा बायोप्सी	3	0
सइनोवायल फ्लूड	14	1
ऊतक	6	1
सांस नली महाप्राण	9	3
मूत्र	15	0
कुल योग	2677	404

नीचे दी गई सारणी में अप्रैल 2015 से दिसम्बर 2015 तक किए गए 14018 परीक्षणों में से सीबीएनएएटी की कार्यकारिता दर्शाई गई है। इनमें से 1344 नमूने एमटीबी पॉजीटिव और आरआईएफ संवेदी पाए गए तथा 209 मामले आरआईएफ प्रतिरोधक पाए गए।

सीबीएनएएटी कार्यकारिता

परियोजना : बाल क्षयरोग का बेहतर तरीके से शीघ्र पता लगाना

(अप्रैल 2015 से दिसम्बर 2015 तक)

कुल किए गए परीक्षण	14018
कुल अज्ञात एमटीबी की संख्या	12014
ज्ञात एमटीबी एवं आरआईएफ प्रतिसंवेदी मामलों की कुल संख्या	1344
ज्ञात एमटीबी एवं आरआईएफ प्रतिरोधी मामलों की कुल संख्या	209
कुल अवैध परीक्षणों की संख्या	169
कुल प्रोसेस किए गए ईपी–टीबी नमूने	2677
ज्ञात एमटीबी एवं आरआईएफ प्रतिसंवेदी मामलों की कुल संख्या	313
ज्ञात एमटीबी एवं आरआईएफ प्रतिरोधी मामलों की कुल संख्या	91

6 सहयोग से की गई एमडी/एमएस/डीएनबी थीसिस

1 मानक कीमोथेरेपी पर ट्रेटहॉरएसिक क्षयरोग के दायरे में बीमारी की नैदानिक पडताल का अध्ययन
(लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली के बालरोग विभाग के पीजी छात्रों की एमडी थीसिस)

पिछले दशकों में विश्व के विकसित देशों में क्षयरोग के मामलों की संख्या में कमी आई है परंतु विकासशील देशों के मामले में ऐसा नहीं है। बड़ी संख्या में बच्चे क्षयरोग से जुड़ी

रूगणता का शिकार होते हैं और मृत्य–दर तथा इस रोग के वैश्विक बोझ में उनकी संख्या बहुत अधिक है। इलाज के दौरान यदा–कदा ही बिगड़ने वाले विरोधाभासी प्रभाव होते (पीआर) होते हैं। पीआर्स को पहचानना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि उनका अध्यारोपित संक्रमण, उपचार में विफलता, दवा प्रतिरोधक क्षयरोग इत्यादि के रूप में गलत निदान हो सकता है। क्षयरोग की उपचार पद्धति से इलाज करा रहे क्षयरोग से पीड़ित बच्चों में लक्षणों के समाधान के पैटर्न की बेहतर समझ से मॉनीटरिंग की कुशलता बेहतर होगी, ऐसा गलत निदान की जल्दी पहचान करके किया जा सकता है। इस बारे में विशेषकर भारत में पर्याप्त साहित्य न होने के कारण वर्तमान अध्ययन अल्पकालीन कोर्स थेरेपी पर बच्चों में इंट्राथोरेसिक टीबी (1-TB) के क्लीनिकल कोर्स का आकलन करने के लिए किया गयां। इस अध्ययन मे 6 माह से लेकर 18 साल तक के उन बच्चों को लिया गया जिनमें 1-TB का नया–नया पता लगा था। एक्सपर्ट एमटीबी आआईएफ और एमजीआईटी कल्चर तथा डीएसटी जैसे माइक्रोबैक्ट्रियोलॉजिकल जांच इलाज के कोर्स के दौरान की जाएगी। इसके परिणामों से उन बच्चों में बीमारी के कोर्स को जानने में मदद मिलेगी जिन बच्चों की 1-TB का इलाज चल रहा है जिससे कि थेरेपी की प्रतिक्रिया/अप्रतिक्रिया और अनुवर्ती इलाज (follow up) को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा।

2. मानक कीमोथेरेपी पर अतिरिक्त प्लमनरी क्षयरोग ग्रस्त बच्चों में बीमारी के दौरान अध्ययन

(लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली के बालरोग विभाग के पीजी छात्रों की एमडी थीसिस)

इस देश में बच्चों में क्षयरोग एक महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या है। सामान्य तौर पर होने वाले क्षयरोग में प्लमनरी क्षयरोग प्रमुख है जिसमें लगभग 60–80% प्रतिशत मामले इसके और शेष 20 से 40% मामले अतिरिक्त (extra) प्लमनरी क्षयरोग (ईपीटीबी) के होते हैं। ईपीटीबी का सबसे सामान्य प्रकार लिम्फ नोड है। यह केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (nervous system), उदर संस्थान (abdominal), कंकाल संस्थान इत्यादि को प्रभावित करता है। सभी प्रकार की ईपीटीबी के लक्षणों की स्पष्टता भिन्न–भिन्न होती है और रोग के कोर्स के बारे में अधिकांश समझ रोग के प्राकृतिक इतिहास के अध्ययन से ही मिलती हैं। पहली बार थेरेपी के बाद मरीजों में आधुनिक थेरेपी और सूक्ष्मजैविक/रेडियोलॉजिकल लक्षणों में सुधार के प्रति लक्षणों की प्रतिक्रिया का समय निर्धारण और सही–सही पैटर्न उपलब्ध साहित्य, विशेषकर भारत में ,बहुत अधिक स्पष्ट नहीं हैं। इलाज के दौरान इलाज के तरीकों का आकलन करने वाले अध्ययन बहुत पुराने और उस समय के है जब दवाओं की प्रणाली आधुनिक समय की कीमोथेरेपी से एकदम अलग होती थी। इसलिए वर्तमान अध्ययन उन ईपीटीबी से ग्रस्त बच्चों की बीमारी के कोर्स को लेकर तैयार किया गया है जो मानक कीमोथेरीपी पर है। इस अध्ययन में 6 महीने से ऊपर और 18 साल तक के

उन बच्चों को शामिल किया गया है जिनमें क्षयरोग नया–नया सामने आया है। एक्सपर्ट एमटीबी आआईएफ और एमजीआईटी कल्चर तथा डीएसटी जैसे माइकोबैक्ट्रियोलॉजिकल जांच इलाज के कोर्स के दौरान की जाएगी। इसके परिणामों से उन बच्चों में बीमारी के कोर्स को जानने में मदद मिलेगी जिन बच्चों की ईपीटीबी का इलाज चल रहा है।

3 एचआईवी पॉजीटिव रोगियों में प्लमनरी क्षयरोग और प्राथमिक दवा प्रतिरोधकता का जल्दी पता लगाने में कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफीकेशन जांच का अध्ययन

(डा राम मनोहर लोहिया अस्पताल,नई दिल्ली के मेडिसन विभाग, पीजीआईएमईआर के पीजी के छात्रों की एमडी थीसिस)

एड्स के पता लगने के बाद से क्षयरोग और इम्यूनोडेफिशियंसी वायरस (एचआईवी) का बहुत निकट संबंध रहा है। सक्षम प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों के जीवनकाल में क्षयरोग का खतरा 5 से 10 प्रतिशत होता है, लेकिन एचआईवी पीडित व्यक्ति में सक्रिय क्षयरोग के पनपने का खतरा प्रतिवर्ष 5 से 15 प्रतिशत तक होता है। अध्ययन से पता चलता है कि एचआईवी पॉजीटिव रोगियों में प्लमनरी टीबी सर्वाधिक पाया जाने वाला संक्रमण है जो कि 17 से 23 प्रतिशत तक है। एचआईवी पॉजीटिव के रोगियों में क्षयरोग का पता लगाने में स्पूटम (लार) माइक्रोस्कोपी अधिक विश्वसनीय नहीं है। इसके अतिरिक्त, दवा प्रतिरोधक क्षयरोगियों की संख्या में बढ़ोत्तरी से एचआईवी रोगियों में क्षयरोग के इलाज की चुनौतियां बढ़ गई हैं। परंपरागत रूप से बैक्टिरियल कल्चर और दवा संवेदनशलीता जांच से डीआर–टीबी का निदान होता है लेकिन यह एक धीमी ओर जटल प्रक्रिया है। प्लमनरी क्षयरोग अथवा टीबी को प्रारंभिक समय में पता लगाना बहुत महत्त्वपूर्ण है ताकि इसका उपयुक्त तरीके से इलाज किया जा सके। कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन (सीबीएनएएटी) हाल ही में विकसित निदान के तरीकों में से एक है, जिससे कुछ ही घंटों में क्षयरोग और एक प्रमुख दवा–रिफेमपिसिनए की सुग्राहता जांच का एक साथ पता चल जाता है। अतएव, यह अध्ययन एचआईवी रोगियों में प्लमनरी क्षयरोग के शीघ्र निदान ओर प्राथमिक दवा प्रतिरोधकता का पता लगाने में कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन जांच (सीबीएनएएटी) की आरंभिक भूमिका का अध्ययन करने के लिए किया गया। इस अध्ययन में 18 वर्ष से अधिक के उन एचआईवी पॉजीटिव लोगों को लिया गया जिनमें क्षयरोग को इंगित करने वाले लक्षण/एक्स–रे थे। माइकोबैक्ट्रियोलॉजिकल जांच जैसे एक्सपर्ट Rif™ और MGIT Culture™ किया जाएगा। इससे प्राप्त परिणामों से एचआईवी पॉजीटिव रोगियों में शीघ्र निदान और दवा प्रतिरोधिता के पैटर्न को समझने में सहायता मिलेगी।

4. ''स्मियर पॉजीटिव प्लमनरी के नए मामलों में क्षयरोग रोकथाम उपचार को शुरू करने में समय को प्रभावित करने वाले कारकों तथा आरएनटीसीपी के अंतर्गत लार रूपांतरण

(**sputum conversion**) पर देरी के प्रभाव का अध्ययन करना।'' शीर्षक से डीएनबी थीसिस का सह–निरीक्षण। आरबीआईपीएमटी के छात्र, 2015–18 सत्र।

5 ''आरएनसीटीपी के अंतर्गत एंटी–टयूबरक्यूलरी इलाज में पेरीफेरियल लिम्फ के क्षयरोगियों में इलाज के प्रभाव से संबंधित अध्ययन करना।'' शीर्षक से डीएनबी थीसिस का सह–निरीक्षण। आरबीआईपीएमटी के छात्र, 2015–18 सत्र।

6 ''पीएमडीटी के अंतर्गत श्रेणी **IV** की दवा प्रणाली में तीसरे एवं छठे महीने के रोगियों में स्पूटम कल्चर की स्थिति'' शीर्षक से डीएनबी थीसिस का सह–निरीक्षण। आरबीआईपीएमटी के छात्र, 2015–18 सत्र।

एमडी/एमएस थीसिस कार्य मेडिकल कॉलजों के सहयोग से पूरा हुआ।

1. बच्चों में क्षयरोग मस्तिष्क ज्वर का पता लगाने में माइक्रोबैक्टिरयल की वृद्धि सूचक नली और कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन परीक्षण (सीबीएनएएटी) की तुलना

   (माइक्रोबॉयलॉजी विभाग, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के स्नातकोत्तर छात्रों की एमडी थीसिस)।

   क्षयरोग का पता लगाना विशेषकर प्लमनरी मामलों में, चुनौतीपूर्ण काम है। बच्चों में इसका पता लगाने में सबसे बडी कठिनाई नमूनों को इकठ्ठा करना है। इसलिए क्षयरोगीय मस्तिष्कज्वर जैसी स्थितियों में अतिरिक्त प्लमनरी का पता लगाना के लिए द्रुतगामी, संवदेनशील और विशिष्ट परीक्षण की आवश्यकता होती है। भारत में क्षयरोगीय मस्तिष्कज्वर का पता लगाने के लिए परंपरागत पद्धतियों, माइक्रोबैक्टिरयल की वृद्धि सूचक नली और कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन परीक्षण (सीबीएनएएटी) के तुलनात्मक आंकड़ों की कमी है। इसके लिए, वर्तमान अध्ययन किया गया जिससे एमजीआईटी और सीबीएनएएटी परंपरागत पद्धतियों से बाल रोगियों के नमूनों में सीएसएफ से *माइकोबैक्टीरीयम क्षयरोग* का पता लगाया जा सके और इसके परिणामो की तुलना की जा सके और आनुपातिक प्रणाली, एमजीआईटी और सीएबीएनएएटी द्वारा विभिन्न मामलों में दवा की सुग्राहयता क्रियान्वित की जा सके। यह अध्ययन आवश्यक व्यक्तियों को लेकर समय से पूरा किया गया और प्रयोगशाला जांच की गई।

2. आरएनटीसीपी के अंतर्गत उपचार किए जाने वाले प्लमनरी क्षयरोग के पुर्नउपचार के मामलों में दवा प्रतिरोधकता पैदा होना

(मेडिसन विभाग, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के स्नातकोत्तर छात्रों की एमडी थीसिस)

क्षयरोग, मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले सबसे पुराने रोगों में से एक है और यह भारत में एक प्रमुख समस्या है। आरएनसीटीपी क्षयरोग के रोगियों का डॉटस से प्रभावी उपचार करता है। कई अन्य तंत्रजनित सह अस्वस्थताओं और रोगी से संबंधित कारकों के कारणों प्रतिरोधक क्षमता की समस्या में बढ़ोत्तरी हुई है। दवा प्रतिरोधक क्षमता और उपचार में विफलता को लेकर कई अध्ययन किए गए हैं। परंतु, पुर्नउपचार की श्रेणी वाले मामलों में अभी भी अध्ययन का अभाव है। यह अध्ययन रोगियों की थूक के पॉजीटिव और नेगेटिव पाए गए दोनों मामलों के पुर्नउपचार में प्रतिरोधक क्षमता का पता लगाने तथा आर्थिक सामाजिक कारणों के साथ प्रतिरोधकता उत्पन्न होने के लिए उत्तरदायी अस्वस्थता कारकों का पता लगाने के लिए किया गया। यह अध्ययन दिसम्बर 2015 में पूरा कर लिया गया है।

3. ओसटियोआरटिक्यूलर क्षयरोग का पता लगाने में माइक्रोबैक्टिरयल की वृद्धि सूचक नली (एमजीआईटी) और कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन परीक्षण (सीबीएनएएटी) की तुलना

(माइक्रोबॉयलॉजी विभाग, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के स्नातकोत्तर छात्रों की एमडी थीसिस)।

सक्रिय क्षयरोग के लगभग 20%: रोगियों में अतिरिक्त प्लमनरी के मामले पाए जाते हैं। क्षयरोग के कुल मामलों मे ओस्टियोआरटीक्यूलर क्षयरोग के 1 से 5%: और अतिरिक्त प्लमनरी के 10 से 18%:: मामले होते हैं। क्षयरोग सामान्यतः शरीर का भार उठाने वाले जोड़ों में क्रॉनिक मोनोआरटिक्यूलर आर्थराइट्स के रूप रहता है। आम तौर पर आस्टियोआरटिक्यूलर क्षयरोग का पता लगाना चुनौतीपूर्ण होता है और इसमें देरी हो सकती है। यदि इसका प्रारंभिक अवस्था में पता लग जाए और उपचार हो जाए तो अधिकांश रोगी सामान्य प्रक्रिया से ठीक हो सकते हैं। इसके निदान को सुनिश्चित करने के लिए कोई एक नैदानिक तरीका नहीं है। कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड सिम्पलीफिकेशन परीक्षण (सीबीएनएएटी) जैसी पद्धतियां अभी तक आस्टियोआरटिक्यूलर क्षयरोग के प्रबंधन में सुपरिभाषित नहीं है। इसलिए यह अध्ययन एमजीआईटी और सीबीएनएएटी की परंपरागत पद्धतियों से आस्टियोआरटिक्यूलर क्षयरोग का पता लगाने तथा इनके परिणामों की तुलना करने और सॉलिड कल्चर एवं डीएसटी, माइक्रोबैक्टिरियल अभिवृद्धि सूचक नली (एमजीआईटी) और सीबीएनएएटी द्वारा विभिन्न मामलों में दवा की सुग्राहयता परीक्षण को क्रियान्वित करने के लिए किया गया।

4. 18 वर्ष तक के बच्चों में क्षयरोग मस्तिष्क ज्वर का पता लगाने में कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन तकनीक की भूमिका का आकलन करने के लिए अध्ययन

(बाल विभाग, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के स्नातकोत्तर छात्रों की एमडी थीसिस)।

केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस) का क्षयरोग बच्चों में पाया जाने वाल सबसे गंभीर एवं घातक किस्म का क्षयरोग है। कई प्रकार के सर्वोत्तम क्षयरोग रोधक एजेंट होने के बावजूद बच्चों में क्षयरोग मस्तिष्क ज्वर (टीबीएम) रोग और मृत्यु–दर 15% से 32% है जो कि बहुत अधिक है। इस समय सीएनएस टीबी का पता लगाना बहुत जटिल है क्योंकि आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले तरीके जैसे डायरेक्ट स्मियर और कल्चर से सेरीब्रोस्पाइनल फ्लूड नमूने में पर्याप्त संवदेनशीलता के साथ टीबीएम की घातक अवस्था मे एमटीबी का पता नहीं लगाया जा सकता। कल्चर तकनीक से की गई जांच से पॉजीटिव नतीजे आने में एक सप्ताह से अधिक का समय लग जाता है। आण्विक जांच (molecular test) अत्यंत संवेदनशील औ विशिष्ट होती हैं लेकिन नमूने को कुप्रभाव से बचाने के लिए विभिनन स्तररों पर नमूने के रख–रखाव में बहुत अधिक सावधानी रखनी पड़ती है। जबकि कार्टिज आधारित न्यूक्लिक एसिड सिम्पलीफिकेशन (सीबीएनएएटी) अपने आप में पूर्ण और पूरी तरह संघटित, स्वचालित जांच है जो न्यूनतम तकनीकी दक्षता से किया जा सकता है। हालांकि यह तकनीक पूरी तरह से विकसित, सर्वाधिक उपयुक्त है और थूक के नमूने से विशेष रूप से प्लमनरी क्षयरोग का निदान करने के लिए है परंतु सीएसएफ सहित टीबीएम का पता लगाने में इसकी उपयोगिता अच्छी तरह से प्रलेखित नहीं हैं। इसलिए यह अध्ययन सीबीएनएएटी के प्रयोग से बच्चों में टीबीएम का निदान करने के लिए किया गया। इसके परिणामों की तुलना एमजीआईटी लिक्विड कल्चर और डीएसटी से भी की गई। यह अध्ययन जनवरी 2016 में पूरा कर लिया गया है।

7 वैज्ञानिक कार्यक्रमों में भागीदारी

- दिल्ली टीबी एसोसिएशन ने क्षयरोग के बारे में 25 अप्रैल 2015 को जागरूकता के लिए एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने कार्यशाला में भाग लिया और दिल्ली राज्य में आरएनटीसीपी के कार्यान्वयन तथा आरएनसीटीपी के अंतर्गत नवीनतम नीतियों पर व्याख्यान दिया।
- भारत में क्षयरोग देखभाल के मानकों के बारे में जागरूकता के लिए 25 मई 2015 को एनडीटीबी में एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिल्ली राज्य के जिला क्षयरोग अधिकारी तथा दवा प्रतिरोधक क्षयरोग केन्द्रों के नोडल अधिकारियों ने कार्यशाला में भाग लिया। डा नीरज कुलेश्रेष्ठ, अपर उपमहानिदेशक (टीबी) को दिल्ली राज्य में आरएनसीटीपी के बारे में ''कॉल फॉर एक्शन'' के बारे में बताने के लिए आमंत्रित किया गया।
- 14 जुलाई 2014 को नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र में दिल्ली राज्य की पीएमडीटी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डा के एस सचदेवा, अपर उपमहानिदेशक (टीबी) ने पीएमडीटी कार्यक्रम की समीक्षा की। डा के के चोपडा, निदेशक, एसटीडीसी ने चैस्ट क्लीनिकों से प्राप्त तिमाही रिपोर्टो का विश्लेषण प्रस्तुत किया।
- 28 मई 2015 को नई दिल्ली राज्य की पीएमडीटी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डा के एस सचदेवा, अपर उपमहानिदेशक (टीबी), डा सुनील खापडे ने 2015 की पहली तिमाही में दिल्ली राज्य में पीएमडीटी सेवाओं की समीक्षा की। चैस्ट क्लीनिकों के डीओटी, सीडीएसटी प्रयोगशालाओं के नोडल अधिकारियों तथा डीआरटीबी केन्द्रों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में त्वरित निदान प्रयोगशालाओं वाले चैस्ट क्लीनिकों के नए एकत्रीकरण पर चर्चा की गई।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने एमडीआर मामलों के लिए ''बेडाक्वीलाइन–कंडीशनल एण्ड एक्सपेंडिड असेस प्रोग्राम''पर नई दिल्ली में 1 जुलाई 2015 से 3 जुलाई 2015 तक तीन दिन की कार्यशाला का आयोजन किया । नई दिल्ली टीबी केन्द्र के संकाय ने इस राष्ट्रीय कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में सक्रियता से भाग लिया।
- भारतीय चिकित्या परिषद ने 23 जुलाई 2015 को आईएमए हॉल में क्षयरोग अधिसूचना पर एक घंटे का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सभी राज्यों के आईएमए मुख्यालयों को वेबकास्ट के माध्यम से जोड़ा गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक कार्यक्रम में पैनल के सदस्य थे।

- डा के के चोपडा, निदेशक की अध्यक्षता में 22 जुलाई 2015 को एनआईआरटीडी की नीतिपरक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 9 थीसिस के प्रस्तावों पर चर्चा की गई।
- एक अंतर्राष्ट्रीय एनजीओ जे पॉल द्वारा ऑपरेशन आशा के साथ मिलकर की जाने वाली अनुसंधान परियोजना ''लीवरएजिंग पेशेंट, सोशल नेटवर्क टू ओवरकम ट्यूबरक्लोसिस अंडर डिटेक्शन इन इंडिया : अ फील्ड एक्सपीरिंयस'' पर दिल्ली के डीटीआस के साथ 24 जुलाई 2015 को एक चर्चा की गई। इस चर्चा में परियोजना की कार्यप्रगति और क्रम विकास तय किया गया।
- भारतीय चिकित्सा परिषद ने जनरल फीजिशियन के लिए 25 और 26 जुलाई 2015 को आईसीओएन–एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन किया। इस सम्मेलन के दूसरे दिन एमडीआर और एक्सडीआर क्षयरोग के प्रबंधन पर एक पैनल चर्चा हुई जिसमें डा के के चोपड़ा, निदेशक पैनल सदस्य थे।
- 2 अक्तूबर 2015 को जारी की जाने वाली टीबी सील के डिजाइन को चुनने के लिए 4 अगस्त 2015 को टीबी एसोसिएशन ऑफ इंडिया मे एक बैठक हुई। डा के के चोपड़ा समिति के एक सदस्य थे। इस बैठक में सेनिटोरियम उपचार, डॉमीसिलरी उपचार, डॉटस और वैश्विक पहुंच नाम के चार विजुअल द्वारा क्षयरोग नियंत्रण की यात्रा को चित्रित करने का निर्णय लिया गया।
- नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र में 13 अगस्त 2015 को राज्य प्रचालन अनुसंधान समिति की बैठक हुई। बैठक में 10 अनुसंधान परियोजनाएं प्रस्तुत की गई जिनमें से 2 अनुसंधान परियोजनाएं एनडीटीबी केन्द्र के संकाय द्वारा तैयार की गई। बैठक में इन दो परियोजनाओं को स्वीकृति भी दी गई।
- आरएनसीटीपी के तहत नए तकनीकी और प्रचालनात्मक दिशा–निर्देशों के लिए तैयार किए गए मसौदे पर चर्चा करने के लिए 17 से 19 अगस्त 2015 तक एनआईटीआरडी में तीन दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने बैठक में भाग लिया और समूह चर्चा के बाद उन्होंने स्वास्थ्य तंत्र प्रबंधन चैप्टर पर दिशा–निर्देशों का मसौदा प्रस्तुत किया।
- फाइंड के सहयोग से 19 से 22 अगस्त 2015 तक एनडीटीबी केन्द्र में जैव चिकित्सा इंजीनियरों के लिए चार दिन की कार्यशाला रखी गई। चार मंडलों के जैव चिकित्सा इंजीनियरों, उनके साथ फाइंड के चिकित्सा अधिकारियों तथा आईआरएल, एनडीटीबी के माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला के दौरान उपकरणों के रख–रखाव और अंशशोधन (calibration) पर चर्चा की गई।

- 26 अगस्त 2015 को नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र में दिल्ली राज्य की पीएमडीटी समीक्षा बैठक रखी गई। डीआरटीबी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों, कल्चर एवं डीएसटी प्रयोगशालाओं के माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट और जिला क्षयरोग अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में भाग लिया। डा एम हनीफ ने बैठक में इंटरमीडिएट रेफरेंस प्रयोगशाला (एनडीटीबी केन्द्र प्रयोगशाला) के तिमाही आंकड़े प्रस्तुत किए। दिल्ली राज्य में पीएमडीटी के क्रियाकलापों की मॉनीटरिंग के सभी सूचको की समीक्षा की गई।
- सेन्ट्रल टीबी डिवीजन ने फाइंड के सहयोग से 1 और 2 सितम्बर 2015 को ''कनेक्टिड डायग्नोस्टिक फीजिबिलटी'' पर दो दिन की कार्यशाला आयोजित की। डा के के चोपड़ा और डा एम हनीफ बैक्टिरियोलॉजिस्ट ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में दिल्ली की दो प्रयोगशालाओं में संयोजित रोग निदान पहल (सीडीआई) पर प्रमुख अध्ययन करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई और एनडीटीबी केन्द्र को प्रमुख अध्ययन के लिए चुना गया।
- नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र की वैज्ञानिक समिति की 14 सितम्बर 2015 को एनडीटीबी केन्द्र में बैठक आयोजित की गई। बैठक में चार अनुसंधान परियोजनाओं पर चर्चा की गई। सभी परियोजनाओं को कुछ संशोधनों को नीतिपरक समिति के विचारार्थ मंजूरी दे दी गई।
- भारतीय चिकित्सा परिषद और यूनीयन द्वारा 18 सितम्बर 2015 को टीबी एक्शन परियोजना के आहवान से संबंधित आधे दिन की कार्यशाला आयोजित की गई। भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा निजी प्रैक्टीशनरों के लिए जारी किए जाने वाले टीबी प्रबंधन प्रोटाकॉल मसौदे पर चर्चा की गई। यह भारत में क्षयरोग की देखरेख के मानकों पर आधारित सरल प्रारूप है। डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलॉजिस्ट ने कार्यशाला में भाग लिया।
- मेडिकल कॉलेजों की भागीदारी के लिए दिल्ली आरएनसीटीपी की राज्य टास्क फोसे की बैठक 24 सितम्बर 2015 को राम मनोहर लोहिया हस्पताल, दिल्ली में हुई। मेडिकल अधिकारियों ने आरएनसीटीपी से जुड़े मेडिकल कॉलेज के क्रियाकलापों की तिमाही रिपोर्ट प्रस्तुत की। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने आरएनसीटीपी के तहत नई पहल और डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलॉजिस्ट ने आरएनसीटीपी के तहत रोग निदान की नई पहल के बारे में प्रस्तुति दी।
- भारतीय चिकित्सा परिषद और यूनीयन द्वारा आरएनसीटीपी के अतंर्गत क्षयरोग पर काम करने के लिए क्षयरोग मामलों के प्रबंधन हेतु दिशा–निर्देश तैयार करने हतु 29 सितम्बर

2015 को राष्ट्रीय परामर्श बैठक आयोजित की गई। डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलॉजिस्ट ने बैठक में भाग लिया।

- टीबी एसोसिएशन द्वारा 30 सितम्बर 2015 को 9वां ''सामुदायिक कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम'' आयोजित किया गया जिसमें डा संजय राजपाल को अतिथि वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समुदाय की भागीदारी के लिए क्षयरोग की रोकथाम एवं नियंत्रण ओर एचआईवी/एडस, मधुमेह व तम्बाकू से उसके संबंध पर विशेष तौर पर आशा कार्यकर्त्ताओं के लिए आयोजित किया गया। श्री राजपाल ने इस कार्यक्रम में ''अनियमित इलाज एवं एमडीआर क्षयरोग की रोकथाम'' विषय पर व्याख्यान दिया।
- 2 अक्तूबर 2015 को भारत के माननीय राष्ट्रपति ने ''क्षयरोग अंत की ओर'' विषय पर वर्ष 2015 की सील जारी की। यह समारोह राष्ट्रपति भवन में टीबी एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। डा के के चोपड़ा, निदेशक ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।
- डा शंकर माटा, एपीडेमीलॉजिस्ट ने 8 से 10 अक्तूबर 2015 को सोलन (हिमाचल प्रदेश) में ऑपरेशनल रिसर्च के लिए आयोजित जोनल टास्क फोर्स सम्मलेन में हिस्सा लिया।
- बाल सीबीएनएएटी परियोजना के बारे में दिल्ली के डीटीओ में जागरूकता के प्रसार के लिए 9 अक्तूबर 2015 को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्हें परियोजना के विवरण, आंतरिक परिणामों और 0–14 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल कर रहे सभी चैस्ट क्लोनिकों, हस्पतालों और निजी प्रैक्टीशनरों को उसके विस्तार के बारे में बताया गया। इसी प्रकार की बैठक 10 अक्तूबर 2015 को चैस्ट क्लीनिकों के चिकित्सा अधिकारियों के लिए की गई।
- 14 अक्तूबर 2015 को राष्ट्रीय क्षयरोग एवं श्वसन रोग संस्थान की नीतिपरक समिति की बैठक हुई। डा के के चोपड़ा निदेशक ने उपाध्यक्ष के रूप में बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में पांच अनुसंधान प्रस्तावों तथा दो अधिसूचनाओं पर चर्चा की गई। इन सभी को मामूली संशोधनों के साथ अनुमोदित कर दिया गया।
- 15 अक्तूबर 2015 को दिल्ली राज्य आरएनसीटीपी की अधिसूचना समिति की बैठक हुई। बैठक में ''निजी प्रैक्टीशनरों द्वारा अधसूचित किए जाने में बाधाएं'' नाम से किए गए अध्ययन के परिणामों पर चर्चा की गई और अध्ययन में पाई गई कमियों पर निर्णय लिए गए।
- 16 अक्तूबर 2015 से 30 अक्तूबर 2015 तक नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र में परियोजना ''एसएमएस फॉर श्योर'' पर डॉट प्रदाताओं के लिए 8 कार्यशालाएं आयोजित की गई। इनमें शुरू की जाने वाली परियोजना के बारे में डॉट प्रदाताओं को जानकारी दी गई।

दिल्ली राज्य के सभी 250 डॉट प्रदाताओं ने इसमें भाग लिया। कार्यशालाओं में पालन किए जाने वाले कार्य निर्देशों के बारे में उनसे चर्चा की गई।

- 4 नवम्बर 2015 को केन्द्रीय क्षयरोग डिवीजन में ''बच्चों में प्लमनरी क्षयरोग के निदान हेतु मॉलीक्यूलर निदान द्वारा व्यक्तिनिष्ठ बनाम समूहगत नमूनों में माइक्राबैक्टिरयम क्षयरोग की तुलनात्मक उत्पत्ति'' पर एक प्रचलानात्मक अनुसंधान प्रस्तुत किया गया। इसमें डा के के चोपड़ा, निदेशक और डा एम हनीफ, बैक्टिरियोलॉजिस्ट ने सह अनुसंधाता के रूप में भाग लिया।
- डा संजय राजपाल ने 4 नवम्बर को जयपुर में स्लीप डिसआर्डर पर आयोजित सम्मेलन–पूर्व एनएपीसीओएन की कार्यशाला में संकाय के रूप में भाग लिया।
- डा संजय राजपाल ने 4 से 7 नवम्बर 2015 तक जयपुर में इंडियन चैस्ट सोसायटी एवं नेशनल कॉलेज ऑफ चैस्ट फीजिशियन इंडिया (एनसीसीपी) के संयुक्त राष्ट्रीय सम्मेलन में संकाय के रूप में भाग लिया।
- नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र के प्लेटिनम जुबली आयोजन के अंग के रूप में 16 नवम्बर 2015 को एनडीटीबी केन्द्र के सम्मेलन कक्ष में चैस्ट क्लीनिकों के डॉक्टरों के लिए सीएमीई का आयोजन किया गया। इसमें ''बाल क्षयरोग एवं शहरों में क्षयरोग के लिए पहल'' विषय पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिएं। कार्यक्रम में 50 डाक्टरों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर एनडीटीबी केन्द्र में 2009 से 2015 तक किए गए अनुसंधानों पर एक पुस्तिका जारी की गई।
- 16 नवम्बर 2015 को आएनसीटीपी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डा के के चोपडा, निदेशक एसटीडीसी ने दिल्ली राज्य के 25 चैस्ट क्लीनिकों की तिमाही रिपोर्ट का विश्लेषण प्रस्तुत किया। बैठक में एनजीओ, ईएसआई और डीएसएसी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में एजेंसियों के समन्वय पर चर्चा की गई।
- 27 नवम्बर 2015 को नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र में पीएमडीटी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीआरटीबी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों, कल्चर और डीएसटी प्रयोगशालाओं के माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट और जिला क्षयरोग अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया। सभी छः नैदानिक प्रयोशालाओं और चार डीआरटीबी केन्द्रों के प्रतिनिधियों ने समीक्षा बैठक में अपनी प्रस्तुति रखी। अलग प्रयोगशालाओं में समस्याओं के बारे में निर्णय लिया गया।
- 30 नवम्बर 2015 को नई दिल्ली क्षयरोग केन्द्र के सम्मेलन कक्ष में दिल्ली क्षयरोग और एचआईवी की सहयोगात्मक गतिविधियों की समीक्षा आयोजित की गई। दिल्ली आरएनसीटीपी और दिल्ली राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के प्रतिनिधियों ने समीक्षा बैठक में भाग लिया। आरएनटीसीपी और डीएसएसी कार्यक्रम के बीच सहयोगात्मक

गतिविधियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए क्रम विकास तय किया गया।

- 4 और 5 दिसम्बर 2015 को राष्ट्रीय क्षयरोग एवं श्वसन संस्थान में सीबीएनएएटी विस्तार कार्यक्रम पर दो दिन की कार्यशाला हुई। डा चोपड़ा ने दिल्ली में छः नई सीबीएनएएटी प्रयोगशालाओं की तैयारियों के बारे में बताया। कार्यशाला में वर्तमान स्थलों की भी समीक्षा की गई।
- 14 दिसम्बर 2015 को ''पीएलएचआईवी मामलों में जागरूकता के लिए पिक्टाग्राम की भूमिका'' परियोजना के प्रचालन के चरणों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक रखी गई। एसटीडीसी, राज्य क्षयरोग प्रकोष्ठ, केन्द्रीय क्षयरोग डिवीजन और एसईएसआर फार्मा समूह के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।
- 14 से 18 दिसम्बर 2015 तक हैदराबाद में पांच दिन की राष्ट्रीय स्तरीय प्रयोगशाला प्रबंधन कार्यशाला आयोजित की गई। केन्द्रीय क्षयरोग डिवीजन और फाइंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यशाला में डा कौशल (फाइंड माइकोबायोलॉजिस्ट) ने हिस्सा लिया। इसमें प्रयोगशाला गतिविधियों, उपकरणों के रख–रखाव और प्रयोग, वित्तीय पक्षों और रोग निदान में आए नए तरीकों पर चर्चा की गई।
